16 अप्रैल 2014

प्रति

प्रिय महोदय/महोदया,

विषय : मध्य प्रदेश में मौजूदा व्यवसाय संवाददाताओं और व्यवसाय संवाददाता(बीसी) मॉडलों के गहन प्रकरण अध्ययनों के संकलन हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध

निविदा संख्या - सिडबी/पीएसआईजी/04-14/07

डीएफआईडी द्वारा समर्थित निर्धनतम राज्य समावेशी वृद्धि(पीएसआईजी) कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की व्यापक आर्थिक संवृद्धि में निर्धन महिलाओं एवं पुरुषों को सहभागिता करने और उसका लाभ उठाने में समर्थ बनाना है तथा उनकी आय एवं रोजगार के अवसरों को बढ़ाना है। यह कार्यक्रम भारत के चार राज्यों अर्थात मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उडीसा तथा बिहार में कार्यान्वित किया जा रहा है। कार्यकम का उद्देश्य निर्धन व्यक्तियों अधिक से अधिक वित्त प्रदान करना है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके और नाजुक आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। इस कार्यक्रम का प्रबंध भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक(सिडबी), नई दिल्ली द्वारा पीएसआईजी के लिए स्थापित एक कार्यक्रम प्रबंध इकाई के माध्यम से किया जा रहा है।

1. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, जो इसके पश्चात सिडबी के रूप में संदर्भित होगा, आपको आमंत्रित करता है कि आप इस प्रस्ताव के लिए अनुरोध(आरएफपी) पैकेज के अनुरूप उक्त कार्य हेतु अपनी निविदा प्रस्तुत करें।

   इस पैकेज में निहित सभी सूचनाएं वाणिज्यिक रूप से गोपनीय मानी जाएंगी और आपसे भी यह अपेक्षा की जाती है कि आप इसका प्रसार उन्हीं तक सीमित रखें, जिनके लिए ये आवश्यक हैं।

2. इस निविदा आमंत्रण(आईटीटी) पैकेज में निम्निलखित दस्तावेज शामिल हैं :

   i. प्रावरण पत्र ;

ii. पावती पत्र ;
iii. निविदा आमंत्रण संबंधी अनुदेश Invitation to Tender Instructions,
iv. प्रस्ताव का फार्म Form of Proposal,
v. विचारार्थ विषय Terms of Reference
vi. मॉडल संविदा Model Contract,

3. यदि आप निविदा प्रस्तुत करना चाहते हैं, तो आपको कार्य का नाम एवं निविदा संख्या का उल्लेख करते हुए 7 दिनों के भीतर पत्र, फैक्स या ई-मेल द्वारा **(**surendra@sidbi.in/jaganp@sidbi.in**)** पावती भेजनी होगी।

4. सिडबी की अधिप्राप्ति नीति में यह निर्धारित है कि ऐसे परामर्शदाता, जो किसी परियोजना के डिजायन से संलग्न रहे हों, वे कार्यान्वयन चरण के लिए प्रतिस्पर्द्धा नहीं कर सकते हैं। डिजायन के अंतर्गत सभाव्यता अध्ययन, कार्यान्वयन चरण के लिए विचारार्थ विषय की रूपरेखा तैयार करना, परियोजना संबंधी मूल्यांकन पूर्व तथा परियोजना की किसी अन्य तैयारी संबंधी कार्य शामिल होंगे।

यदि प्रतिस्पर्द्धा मात्र कार्यान्वयन चरण के लिए की जाती है, तो ऐसे मामलों में निविदाकर्ताओं से अपेक्षित है कि अपनी पावती में इस बात की पुष्टि करें कि न तो वे स्वयं और न ही कोई निविदा संघ, उसकी मूल कम्पनी, उसके स्वामित्ववाली सहायक संस्थाओं, संबंधित कम्पनियों का कोई सदस्य और न ही कोई उप संविदाकर्ता इस परियोजना के डिजायन से किसी भी रूप में संबद्ध रहे हैं। यदि आपको इसके बारे में कोई संदेह है, तो कृपया स्पष्टीकरण के लिए संविदा अधिकारी से संपर्क करें।

5. सिडबी निविदा आमंत्रण में सभी संबद्ध सूचनाएं देने का प्रयास करेगा। यदि निविदा अवधि में आपको किसी प्रकार की अन्य जानकारी या स्पष्टीकरण की आवश्यकता पड़े, तो आप केवल संविदा अधिकारी से ही संपर्क करें, जिनका नाम नीचे दिया गया है। किसी भी जानकारी के लिए निविदाकर्ता सिडबी के किसी अन्य कर्मी, जो आमंत्रण से संबंधित इस कार्य में संलग्न हो, से सीधे संपर्क न करे। इन अपेक्षाओं का अनुपालन न करने पर आपके संगठन को इस प्रतिस्पर्द्धा से बाहर किया जा सकता है

6. संविदा अधिकारी अंतिम तिथि से पिछले 6 कैलेंडर दिवसों में किसी भी प्रश्न का उत्तर नहीं देगा। अत: यदि किसी प्रकार की जानकारी चाहिए, तो अपने प्रश्न इससे पूर्व जितना जल्दी हो सके भेज दें। समानता सुनिश्चित करने के लिए, यदि उचित समझा

जाएगा, तो सिडबी का उत्तर प्रश्न पूछने वाले के नाम का उल्लेख किए बिना सभी निविदिकर्ताओं को भेजा जाएगा।

7 निम्नलिखित अनुदेशों की ओर आपका ध्यान विशेष रूप आकर्षिक किया जा रहा है:

| | |
|---|---|
| क) निविदाकर्ताओं की मिलीभगत | निविदा आमंत्रण अनुदेशों में अनुच्छेद 10 |
| ख) हितों का टकराव | निविदा आमंत्रण अनुदेशों में अनुच्छेद 12 तथा परामर्शी संविदा हेतु शर्तों में खंड 21 |
| ग) प्रकटीकरण | निविदा आमंत्रण अनुदेशों में अनुच्छेद 13 |

8 आपकी निविदा( भारतीय मुद्रा में) की 5 प्रतियॉ ( 1 मूल प्रति तथा 4 प्रतियॉ) 15 मई, 2014 को 1730 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जानी चाहिए, जो कि 6 माह तक वैध रहेगी। देय समय एवं तिथि के बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं को बिना खोले लौटा दिया जाएगा। तकनीकी बोलियां 18 मई, 2014 को 1500 बजे निम्नलिखित पते पर खोली जाएंगी :

निर्धनतम राज्य समावेशी वृद्धि कार्यक्रम(पीएसआईजी)
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी)
भूतल, वीडियोकोन टावर, ई-1
रानी झांसी रोड, झंडेवालां एक्सटेंशन
नई दिल्ली - 110 055
फोन नम्बर - 011-23519653
ई-मेल आईडी - **surendra@sidbi.in.**

आवेदन तैयार करने से संबंधित किसी भी स्पष्टीकरण के लिए 25 अप्रैल, 2014 (1730 बजे) तक उप महाप्रबंधक, पीएसआईजी, सिडबी ई-मेल **surendra@sidbi.in/Jagan@sidbi.in** पर संपर्क करें । उत्तर सिडबी की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। यदि आवश्यकता हुई तो सिडबी, नई दिल्ली में अनुमानत: 29 अप्रैल, 2014 को प्रात: 11 00 बजे एक पूर्व-प्रस्ताव बैठक आयोजित की जा सकती है। इसकी जानकारी सिडबी की बेवसाइट से प्राप्त की जा सकती है और संपर्क के लिए दिए गए उक्त विवरणों पर संपर्क करके भी प्राप्त की जा सकती है।

वाणिज्य बोलियां 02 जून, 2014 को 1500 बजे निम्नलिखित पते पर खोली जाएंगी :

निर्धनतम राज्य समावेशी वृद्धि कार्यक्रम(पीएसआईजी)
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी)
भूतल, वीडियोकोन टावर, ई-1
रानी झांसी रोड, झंडेवालां एक्सटेंशन
नई दिल्ली - 110 055
फोन नम्बर - 011-23519653
ई-मेल आईडी - **surendra@sidbi.in**.

आप, दोनों बोलियॉ (तकनीकी एवं वाणिज्य प्रस्ताव) खोलने के समय और उससे संबधित पूर्व-प्रस्ताव बैठक, यदि कोई होगी, में भाग लेने के लिए अपने खर्चों पर आमंत्रित हैं

बोलीकर्ता चाहे उपस्थित हों या न हों, पीएसआईजी/सिडबी बोली खोलने में हुई देरी या स्थगन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। यदि बोलियां खोलने/पूर्व प्रस्ताव बैठक की तिथियों में कोई परिवर्तन होता है, तो पीएसआईजी/सिडबी द्वारा यथासंभव समस्त बोलीकर्ताओं को उसकी सूचना दी जाएगी।

9 इस संविदा के लिए निविदाओं का मूल्यांकन गुणवत्ता एवं लागत आधारित चयन पद्धति के अनुसार किया जाएगा, जो निम्नलिखित भारिताओं के साथ तकनीकी एवं वाणिज्य बोलियों के मूल्यांकन के लिए लागू होगा :

| | |
|---|---|
| तकनीकी मूल्यांकन | 80% |
| वाणिज्य मूल्यांकन | 20% |

प्राथमिकता क्रम के अनुसार विशिष्ट तकनीकी मूल्यांकन मानदंड का अंकों सहित विवरण नीचे दिया जा रहा है

| **तकनीकी मूल्यांकन के मानदंड** | **अंक** |
|---|---|
| तकनीकी कौशल एवं पिछला रिकार्ड: दृष्टिकोण, कार्यप्रणाली, संरचना एवं निर्धारत समय सीमा के भीतर कार्य की संपन्नता | 25 |
| इस प्रकार के कितने प्रस्ताव का कार्य पूरा किया है। | 25 |
| इस प्रकार के अनुसंधानों/अध्ययनों से कितने वर्षों से जुड़े हैं | 10 |

<table>
<tr><td colspan="4">टीम की संरचना/ शैक्षणिक योग्यता</td><td>20</td></tr>
<tr><td>प्रमुख विशेषज्ञ</td><td>अर्हता<br>अंक</td><td>अनुभव<br>अंक</td><td>अंक</td><td></td></tr>
<tr><td>अनुसंधानकर्ता/विश्लेषणकर्ता</td><td>प्रबंधन में स्नातकोत्तर</td><td>न्यूनतम 5 वर्ष/</td><td>10</td><td></td></tr>
<tr><td>प्रलेखीकरण विशेषज्ञ</td><td>प्रबंधन में स्नातकोत्तर</td><td>न्यूनतम 7 वर्ष/</td><td>10</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="4">कुल अंक /Total Mark</td><td>80</td></tr>
</table>

10 तकनीकी मूल्यांकन में अधिकतम 80 अंकों में से न्यूनतम 60 अंक प्राप्त करने वाली फर्मों के ही वित्तीय प्रस्ताव खोले जाएंगे। तकनीकी मूल्यांकन में अर्ह न होने वाली फर्मों के वित्तीय प्रस्ताव खोले बिना ही लौटा दिए जाएंगे।

11 सूचीबद्ध फर्मों से अनुरोध है कि अपेक्षित होने पर वे अपना प्रस्तुतीकरण दें।

12 निविदाएं (तकनीकी एवं वाणिज्यिक) ऐसे साझेदार सरकारों या संगठनों को उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे कि यदि वे मूल्यांकन पेनल का हिस्सा हों, तो इसका लाभ उन्हें उस समय मिल सके।

13 निविदा प्रस्तुत करने हेतु जिन निविदाकर्ताओं को आंमत्रित किया जाएगा, उनसे यह अपेक्षित होगा कि वे परामर्शदायी संविदा की शर्तों का अनुपालन करें, जो संलग्न की जा रही हैं।

भवदीय,

सुरेन्द्र श्रीवास्तव
उप महाप्रबंधक
सिडबी/पीएसआईजी

**For remaining documents of this tender the English version of the RFP (http://sidbi.in/sites/default/files/tenders/RFP_SIDBI_PSIG_BC_Drill_down_0.pdf) link is attached.**